एना का विशेष उपहार



एना का विशेष उपहार



योरिको त्सुत्सुई द्वारा

चित्र: अकिको हयाशी

हिंदी: प्रमोद कुमार मेहता

एक दिन एना अपनी सबसे अच्छी दोस्त सूज़ी के साथ स्कूल से घर आई।

वे एना की बहुत खास गुड़िया, एमिली के साथ खेलने वाली थीं।

लेकिन जब एना उसे ढूंढने गई तो वह गायब हो गई थी।

"मुझे पक्का यकीन है कि कैटी (एना की छोटी सी बहन) ने उसे ले लिया है। वह हमेशा मेरी एमिली को ले जाती है।

कैटी! मुझे एमिली वापस चाहिए!

उसे मुझे वापस दे दो!"





फिर एना की माँ केटी को गोद में लेकर बेडरूम से बाहर आईं।

"चुप रहो, एना! केटी सो रही है - उसकी तबीयत ठीक नहीं है।"

एना ने पूछा.... "उसे क्या हुआ है?"

"मुझे नहीं पता," उसकी माँ ने कहा, "लेकिन मैं उसे अभी सड़क पार डॉक्टर के पास ले जा रही हूँ। एमिली वापस आ गई है। प्लीज़ अच्छी लड़कियाँ बनो और जब तक मैं वापस न आऊँ, तब तक यहीं चुपचाप खेलो। मुझे ज़्यादा देर नहीं लगेगी।"





एना और सूज़ी एमिली की देखभाल करते हुए डॉक्टर-डॉक्टर खेल रही थीं। थोड़ी देर बाद एना की माँ अकेली वापस आईं। वह बहुत परेशान लग रही थीं।

“कैटी को हॉस्पिटल ले जाना पड़ा। डॉक्टरों को लगता है कि उन्हें उसका अपेंडिक्स (पेट का एक आंतरिक अंग) निकालना पड़ेगा।”

“क्या उन्हें उसका पेट काटना पड़ेगा?”

“हाँ, एना, लेकिन वे उसे बिल्कुल पहले जैसा सिल देंगे। वे बहुत अच्छे डॉक्टर हैं, इसलिए चिंता करने की कोई ज़रूरत नहीं है।”





एना की माँ उनके बेडरूम में गईं और केटी के लिए एक बैग पैक किया।

“मुझे केटी के रात के कपड़े ले जाने हैं।”

“वह कब वापस आएगी?” एना ने पूछा।

“ उसे कुछ दिनों के लिए हॉस्पिटल में भर्ती रहना पड़ सकता है, लेकिन तुम उससे मिलने जा सकती हो। चिंता मत करो, एना।   वह जल्द ही ठीक हो जाएगी। अब, सुनो। कॉरिडोर के उस पार मिसेज़ थॉमस तुम्हारे पापा के घर वापस आने तक तुम्हारा ध्यान रखेंगी। मैंने अभी उनसे फ़ोन पर बात की है और वह बहुत जल्द यहां अपने घर आ जाएँगी। तुम और सूज़ी उनके आने तक ठीक से रहना? मुझे हॉस्पिटल जाना है।”

“हम्म...”









एना और सूज़ी एमिली के साथ थोड़ा और खेले।

अचानक आसमान काला हो गया, और

खिड़कियों से देखा तो पता चला कि, हवा चलने

लगी है। पापा अभी तक घर नहीं आए थे।

"बारिश शुरू होने से पहले मुझे घर जाना चाहिए,"

सूज़ी ने कहा।

"प्लीज़ थोड़ी देर और रुक जाओ। पापा जल्दी ही

घर आ जाएँगे।"

लेकिन आसमान और भी काला होता गया।

"मुझे अब जाना होगा।

बारिश होने वाली है।" ऐसा कहते हुए सूजी वहां

से चली गई!

अब एना अकेली रह गई।

हवा तेज़ हो गई और बारिश होने लगी।

अचानक बिजली चमकी और ज़ोर से बादल

गरजे। एना डर गई। डैडी अभी तक घर नहीं

आए थे। वह भागी और एमिली को पकड़कर

अपने कंबल के नीचे छिप गई।

“डरो मत, एमिली। मैं तुम्हारी देखभाल के लिए

यहाँ हूँ। हम बादल गरजने से नहीं डरते, हैं ना?

और केटी भी जल्द ही ठीक हो जाएगी।”

वहाँ इतनी गर्मी थी कि जल्द ही उसे नींद आ

गई।



अचानक लाइट जल गई और

एना जाग गई। डैडी कमरे में आए

और एना के पास बैठ गए।

"एना, प्यारी, मुझे माफ़ करना मैं लेट हो गया।

तुम ज़रूर डर गई होगी।"

उन्होंने उसे गले लगा लिया।

"चलो कुछ खाने चलते हैं।"







एना ने टेबल पर तीन जगह बनाई ।

“एक डैडी के लिए, एक एमिली के लिए और

एक मेरे लिए।”

फिर फ़ोन बजा। डैडी ने

फ़ोन उठाया।

“हेलो! वह कैसी है? ओह... शुक्र है भगवान का! एना!”

एना फ़ोन के पास गई। उसकी

माँ की आवाज़ अजीब लग रही थी और बहुत

दूर से आ रही थी।

“हेलो, एना। केटी का

ऑपरेशन हो गया है। वह अभी भी सो रही है, लेकिन

वह जल्द ही जाग जाएगी। मैं आज रात

उसके साथ रहूँगी, और तुम और

डैडी कल आकर उससे

मिल सकते हो। क्या यह ठीक रहेगा ?”

“ठीक है,” एना ने बहुत धीमी

आवाज़ में कहा।

उस रात एना के पापा केटी के बिस्तर पर सोए।

अगली सुबह एना बहुत जल्दी उठ गई।

"मैं सोच रही हूँ कि मैं केटी के लिए हॉस्पिटल

क्या ले जाऊँ।"

उसे रंगीन कागज़ का एक डिब्बा मिला और वह

उसे फूलों और चिड़ियों जैसी सुंदर आकृतियों में

मोड़ने लगी। लेकिन फिर उसे एक और भी

अच्छा आइडिया आया।

"मुझे पता है कि मैं केटी को क्या विशेष उपहार


दे सकती हूँ!

कुछ ऐसा जो उसे सच में पसंद आएगा!"

एना ने एक बड़ा पार्सल पैक करना शुरू किया।







उस दोपहर एना और उसके

पिता हॉस्पिटल गए।



उन्हें कैटी के कमरे में ले जाया गया।

वहाँ वह बिस्तर पर लेटी थी और उसके

हाथ में एक ट्यूब लगी हुई थी।

उन्हें देखकर वह बहुत खुश लग रही थी।

"डैडी! एना!"





नर्स आई और उसने केटी के हाथ से ट्यूब निकाल दी।

“तुम्हारे पास क्या है, एना?”

उसकी माँ ने पूछा।

एन्ना केटी के पास गई।

उसने उसे पैकेट दिया।

“लो, केटी, यह तुम्हारे लिए है।”





“अरे, देखो! एक चिट्ठी और कुछ कागज़ के फूल और चिड़ियाएँ। लेकिन यह क्या है?”

केटी ने एना के उपहार से सुंदर रैपिंग पेपर खोलकर देखा।




“एमिली! ओह, एना, क्या तुम सच में

मुझे एमिली दे रही हो?”

एना ने अपनी साँस रोक ली।

उसने हाँ में सिर हिलाया।





"थैंक यू, थैंक यू!" केटी ने कहा।

एना की माँ ने उसे कसकर गले लगाया

और कहा, "एना, तुम बहुत अच्छी बेटी - बहन हो।

कितना प्यारा उपहार है। तुम कितनी

बड़ी हो गई हो!"

और केटी ने एमिली को अपने ठीक बगल में

बिस्तर पर सुला दिया।







जब “ एना ” की छोटी बहन ‘कैटी’ अचानक बीमार पड़ जाती है और उसे अस्पताल ले जाया जाता है, तो बड़ी बहन होने के कारण “एना” परेशान और दुखी हो जाती है। वह अपनी छोटी बहन ‘कैटी’ के लिए एक बहुत “विशेष उपहार’ ले जाने का फैसला करती है। एना इस बात को लेकर बहुत खुश होती है कि उसे अपनी छोटी बहन को अच्छा से अच्छा उपहार देने का बेस्ट आयडिया आ गया है और पता चला है कि कैटी को सच में एक शानदार सरप्राइज़ देने का सबसे अच्छा तरीका क्या है! एना ने अपनी सबसे पसंदीदा गुड़िया एमिली अपनी छोटी बहन कैटी को विशेष उपहार के रूप में दे दी।